14/2017

संख्या– 96–आयुष–2–2017–127/2016

प्रेषक,

शारदा सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
लखनऊ, मैनपुरी, कन्नौज, बांदा, फतेहपुर, आजमगढ़, देवरिया
वाराणसी, सीतापुर, मऊ, श्रावस्ती, बस्ती, झांसी, सिद्धार्थनगर,
बदायूं, रामपुर, इटावा, कानपुर नगर, कानपुर देहात, हरदोई,
बाराबंकी, रायबरेली, कासगंज, मथुरा, अलीगढ़, बहराइच, बिजनौर,
गोरखपुर, हापुड़, मिर्जापुर, इलाहाबाद, जौनपुर, उन्नाव, मेरठ,
मुजफ्फरनगर, गाजीपुर, हमीरपुर, ललितपुर, सुल्तानपुर, आगरा।

लखनऊ : दिनांक : 03 जून, 2017

आयुष अनुभाग–2

विषय–राष्ट्रीय आयुष मिशन के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसाइटी द्वारा संचालित आयुष स्वास्थ्य केन्द्रों (योगा वेलनेस सेंटर्स) के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मिशन निदेशक, उ0प्र0 राज्य आयुष सोसाइटी, 1 विराज खण्ड गोमती नगर, लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि योग एवं यौगिक क्रियाओं द्वारा उपचार को बढ़ावा देने के लिये राष्ट्रीय आयुष मिशन के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसाइटी द्वारा प्रदेश के उपरवर्णित 40 जनपदों में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहित कुल 42 आयुष स्वास्थ्य केन्द्र संचालित किये जाने हैं। आयुष विभाग, भारत सरकार द्वारा कुल 42 आयुष स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किये जाने हेतु कुल रू0 250.00 लाख की धनराशि स्वीकृत की गयी है। ये केन्द्र संलग्न सूची में इंगित स्थानों में उन चिकित्सालयों में खुलेंगे, जो शासकीय भवन में स्थापित हैं। किराये के भवन में इसे नहीं खोला जायेगा। योगा वेलनेस सेंटर सम्बन्धित चिकित्सालय के ओ0पी0डी0 की कार्यावधि में संचालित किये जायेगे।

2– प्रत्येक योग केन्द्र के संचालन हेतु रूपये 5.95 लाख का आवंटन किया जायेगा, जिसमें प्रारम्भिक साज–सामान के लिये 60,000 रूपये की एक मुश्त सहायता एवं श्रम–शक्ति, रख–रखाव इत्यादि के लिये प्रति वर्ष 5.35 लाख रूपये की आवर्ती सहायता दी जायेगी।

3– ये आयुष वेलनेस सेंटर सम्बन्धित जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति जिसके सदस्य सचिव क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी/जिला होम्योपैथिक अधिकारी(जिनके अधीन चिकित्सालय में योगा वेलनेस सेंटर्स स्थापित होने हैं) तथा जिलाधिकारी द्वारा नामित तीन अन्य सदस्यगण हों, के माध्यम से क्रियाशील किये जायेंगे।

acer 2017

4— उपरोक्तानुसार गठित समिति द्वारा प्रत्येक सेंटर पर एक योग प्रशिक्षक एवं एक योग सहायक की तैनाती की जायेगी, जिनकी योग्यता एवं अनुभव निम्नानुसार वांछित है:—

(क) **योग प्रशिक्षक**

योग/योग थेरेपी/नेचुरोपैथी में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पी0जी0 डिप्लोमा तथा किसी प्रतिष्ठित योग केन्द्र में योग प्रशिक्षक/इन्सट्रक्टर के रूप में कार्य करने का 3 वर्ष का अनुभव।

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से योग में पूर्णकालिक रेगुलर डिग्री/एम0ए0 (योग)/एम0एस0सी0 (योग) तथा किसी प्रतिष्ठित योग थेरेपी सेंटर/चिकित्सालय में न्यूनतम एक वर्ष का कार्य अनुभव व योगिक क्रियाओं के प्रदर्शन में व्यवहारिक दक्षता।

(ख) **सहायक**

न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा 10 पास एवं किसी योग क्लीनिक/योग केन्द्र अथवा अस्पताल में कम से कम 1 वर्ष कार्य किया हो।

5— योग प्रशिक्षक को रूपया 27,000.00 एवं सहायक को रूपया 10,000.00 एक मुश्त मासिक पारिश्रमिक दिया जायेगा।

6— कृपया उपरोक्तानुसार योगा वेलनेस सेंटर खोलने की कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नक—यथोपरि।

भवदीय,

(शारदा सिंह)
विशेष सचिव।

14/2017

संख्या— आ0प्र0-56 (1)/96—आयुष—2—2017 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:—

1—मिशन निदेशक, उ0प्र0 राज्य आयुष सोसाइटी, लखनऊ।
2—सम्बन्धित जिलों के क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी को इस निर्देश के साथ कि वे सम्बन्धित जिला अधिकारी से तत्काल सम्पर्क कर यथोचित कार्यवाही कराना सुनिश्चित करेंगे।
3—कार्यकम प्रबंधक, उ0प्र0 राज्य आयुष सोसाइटी, लखनऊ।
4—वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 राज्य आयुष सोसाइटी, लखनऊ।

आज्ञा से,

(लक्ष्मण सिंह)
अनु सचिव।

acer 2017

14/2017 मार्फत-5

शासनादेश संख्या— /90—आयुष—2—2017—127/2010, दिनांक 3 जून, 2017

आयुष वेलनेस सेन्टर्स की सूची।

क्रमांक	जिला/चिकित्सालय	विभाग का नाम
1.	लखनऊ, गोसाईगंज	आयुर्वेद
2.	लखनऊ, गुडम्बा	आयुर्वेद
3.	मैनपुरी	आयुर्वेद
4.	कन्नौज	आयुर्वेद
5.	बाँदा	आयुर्वेद
6.	फतेहपुर, हथगाँव	होम्योपैथी
7.	आजमगढ़	आयुर्वेद
8.	वाराणसी	होम्योपैथी
9.	सीतापुर	आयुर्वेद
10.	गऊ	होम्योपैथी
11.	श्रावस्ती	यूनानी
12.	बस्ती	आयुर्वेद
13.	झाँसी	आयुर्वेद
14.	सिद्धार्थनगर	होम्योपैथी
15.	बलौंयू	यूनानी
16.	रामपुर	यूनानी
17.	इटावा	आयुर्वेद
18.	कानपुर नगर	आयुर्वेद
19.	कानपुर देहात	आयुर्वेद
20.	हरदोई	आयुर्वेद
21.	बाराबंकी	आयुर्वेद
22.	रायबरेली	आयुर्वेद
23.	कौसगंज	होम्योपैथी
24.	मथुरा	आयुर्वेद
25.	अलीगढ़	यूनानी
26.	बहराइच	यूनानी
27.	फतेहपुर	आयुर्वेद
28.	गोरखपुर	आयुर्वेद
29.	हापुड़	होम्योपैथी
30.	मिर्जापुर	आयुर्वेद
31.	इलाहाबाद	आयुर्वेद
32.	जौनपुर	होम्योपैथी
33.	उन्नाव	आयुर्वेद
34.	मेरठ	होम्योपैथी
35.	मुजफ्फरनगर	होम्योपैथी
36.	गाजीपुर	यूनानी
37.	हमीरपुर	आयुर्वेद
38.	ललितपुर	होम्योपैथी
39.	सुल्तानपुर	होम्योपैथी
40.	आगरा	आयुर्वेद
41.	बिजनौर	यूनानी
42	देवरिया	होम्योपैथी

(शारदा सिंह)
विशेष सचिव।

Pal str other